# सहकारिता आंदोलन से बदल रहा है ग्रामीण जीवन : बिरला

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कोटा में आयोजित गोपाल क्रेडिट कार्ड महाऋण वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं के आर्थिक-सामाजिक जीवन में बड़ा परिवर्तन ला रहा है और आज यह जनकल्याण की मजबूत आधारशिला बन चुका हैं।

बिरला ने कहा कि सहकारिता आंदोलन केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम हैं। यह आवश्यक है कि हर गांव की महिला आत्मनिर्भर बने, हर किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य मिले और हर बच्चा स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य पाए। यही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है और यही नया भारत है, जिसमें हजारों महिलाएं सहकारिता से जुड़कर स्वावलंबी बन रही हैं। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में सहकारिता सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत इस अवसर पर 1539 किसानों को 1047.37 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विश्व के 123 देशों में सहकारिता आंदोलन ने आर्थिक और सामाजिक जीवन को दिशा दी है। भारत में भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह आंदोलन नई ऊँचाईयों पर पहुँचा है। इसी कारण केंद्र सरकार ने सहकारिता मंत्रालय का गठन किया और गृह मंत्री अमित शाह को इसकी जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि पहले किसान सूदखोरों के कर्ज के बोझ से दबे रहते थे, लेकिन अब ग्राम सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिल रहा है। यही बदलाव गांव-गांव तक नई उम्मीद पहुँचा रहा हैं।

- कोटा में गोपाल क्रेडिट कार्ड महा ऋण वितरण कार्यक्रम आयोजित
- 1539 किसानों को 1047.37 लाख रुपये का ऋण वितरण

बिरला ने कहा कि कोटा-बून्दी क्षेत्र में सहकारिता आंदोलन से हजारों महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। डेयरी क्षेत्र में 20 हजार से अधिक महिलाएं सक्रिय हैं और प्रतिदिन एक लाख लीटर से अधिक दूध का संग्रहण हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में केवल दूध ही नहीं, बल्कि सब्जियों और अन्य उत्पादों को भी सहकारिता मॉडल से जोड़ा जाएगा। मदर डेयरी जैसे संस्थानों से जुड़कर यहां प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित होंगे, जिससे किसानों और महिलाओं को बेहतर मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि छोटे प्रयास भी बड़े आर्थिक मॉडल गढ़ सकते हैं, जैसा कि कई स्वयं सहायता समूह करोड़ों रुपये का कारोबार कर दिखा चुके हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में किसानों, श्रमिकों और पशुपालकों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना से हजारों पशुपालकों और ग्रामीण महिलाओं को राहत मिली है। इसके तहत एक लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य यह है कि हर महिला को रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर मिलें। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर कोटा-बून्दी क्षेत्र के लिए अपार संभावनाएं लेकर आया है। यहां की सब्जियां और कृषि उत्पाद कुछ ही घंटों में बड़े बाजारों तक पहुँचेंगे, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों और महिलाओं से आव्हान किया कि वे सहकारिता आंदोलन से जुड़कर अपने उत्पाद बड़े पैमाने पर बाजार तक पहुंचाएं और आर्थिक समृद्धि हासिल करें।

सहकारिता एवं जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि आज़ादी के बाद यदि किसी ने किसानों के हितों की सबसे अधिक चिंता की है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। उन्होंने 6 हजार रुपये प्रतिवर्ष किसान सम्मान निधि के रूप में देकर किसानों को सीधा लाभ पहुँचाया है और उन्हें संबल प्रदान किया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी किसानों के सशक्तिकरण की अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए 75 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि देने का कार्य किया है। सरकार की सोच है कि किसान खेती के साथ-साथ पशुधन से भी आय बढ़ाएँ। इसी दिशा में मुख्यमंत्री ने गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना लागू कर किसानों की मजबूती और समृद्धि की ओर कदम उठाया है।

उन्होंने कहा कि जब से सहकारिता विभाग को पृथक मंत्रालय के रूप में पहचान मिली है, तब से सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नवाचारों के साथ सहकारिता और भी मजबूत हुई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मार्गदर्शन में कोटा और हाडौती क्षेत्र में सहकारिता को और आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना को साकार करने के लिए महिला स्वावलम्बन और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ हमें आगे बढ़ना हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से ऐसे प्रकल्प चलाए जा रहे हैं, जिनसे अंतिम छोर के व्यक्ति को सहारा मिला है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना से मिले ऋण का सदुपयोग कर अपने परिवार और समाज को मजबूत करें।

लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि गोपाल योजना से मिलने वाला लाभ परिवार और देश दोनों में बदलाव लाएगा और प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान देगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राकेश जैन, ग्रामीण के प्रेम गोचर, प्रधान सांगोद जयवीर सिंह, सुल्तानपुर कृष्णा देवी, इफको के राज्य विपणन प्रबंधक सुधीर मान एवं जन प्रतिनिधि, गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आरंभ में केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक बलविंदर सिंह गिल ने जिले में सहकारिता की उपलब्धियों और भावी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 लाख नए पेक्स बनाने का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। समारोह में सांगोद विधानसभा क्षेत्र के 554 किसानों को 418.96 लाख, लाड़पुरा के 317 किसानों को 268.55 लाख, पीपल्दा के 447 किसानों को 214.11 लाख, रामगंजमंडी के 206 किसानों को 130.75 लाख और कोटा उत्तर के 15 किसानों को 15 लाख रुपये के ऋण चेक वितरित किए गए।

इसके साथ ही बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों को माईक्रो एटीएम, नव-गठित एम-पेक्स को पंजीयन प्रमाण पत्र, राज सहकार दुर्घटना बीमा योजनान्तर्गत लाभार्थियों को दावा चेक, सहकार शिक्षा एवं प्रशिक्षण कोष निधि हेतु अंशदान राशि, सहकार महिलाओं को किचन गार्डनिंग किट प्रदान की गई। समारोह में बैंक की बपावर शाखा के नवनिर्मित भवन और सहकारी सुपर मार्ट का वर्चुअल लोकार्पण भी किया गया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

**कोटा,** (निसं)। बाईक सवार दो युवक डाबी से कोटा की ओर आ रहे थे, नान्ता इलाके में ट्रैक्टर चालक ने गड्ढे से बचने के प्रयास में सामने से आ रहे बाईक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी, दोनों को गंभीर घायलावस्था में उपचार के लिये अस्पताल में लाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई।

### कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान

क्रमांक-ननि (दक्षिण) को/उपा.रा./2025/7805-06 दिनांक-19.09.25

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्री रघुवेन्द्र सिंह हाडा पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह हाडा, निवासी शिव मन्दिर के सामने, म.नं. 6-टी-8, महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार "THE CHEERSSTIME" ग्राउण्ड फ्लोर दुकान नं. 6, 7 एवं 8, रजत सिटी, पार्क व्यू, बालाजी मार्केट, कोटा में रेस्टोरेन्ट संचालन करने की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा के ब्लॉक "ए" के प्रथम तल के कमरा नं. 238 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा उपविधि 2016 के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त राजस्व नगर निगम कोटा (दक्षिण)

### कार्यालय नगर निगम कोटा-दक्षिण, कोटा राजस्थान

क्रमांक-ननिको/जोन-द्वितीय/भ.नि.अनु./2025/8647 दिनांक-18.9.25

**भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हरमीत सिंह आनन्द पुत्र स्व. श्री ज्ञान सिंह आनन्द निवासी आवास संख्या 1-क-42, विज्ञान नगर, कोटा (राज.) ने नगर निगम, कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 1-क-42, विज्ञान नगर कोटा क्षेत्रफल 465 वर्गमीटर का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने का निवेदन किया है। भूखण्ड संख्या 1-क-42, विज्ञान नगर कोटा क्षेत्रफल 465 वर्गमीटर का स्वामित्व नगर निगम, कोटा दक्षिण द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक:-ननिकोद/भ.नि.अनु./2020/4226-27 दिनांक 11.09.2020 से श्री हरमीत सिंह आनन्द पुत्र स्व. ज्ञान सिंह आनन्द के नाम हस्तांतरित किया गया। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम, कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा दक्षिण

## अधिवेशन पुस्तिका का विमोचन

**कोटा,** (निसं)। श्री हितकारी विद्यालय सहकारी शिक्षा समिति लि., कोटा की आमसभा 21 सितम्बर को माहेश्वरी भवन झालावाड़ रोड पर दोपहर 12.15 बजे आयोजित कि जाएगी।

आमसभा में वरिष्ठजन सम्मान समारोह एवं 25 प्रतिशत लाभांश एवं प्रोत्साहन राशि की घोषणा कि जाएगी। समिति की अध्यक्ष सूरज बिरला ने बताया कि आमसभा में 70 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध 72 सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि अध्यक्ष लोकसभा होंगे और ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधायक संदीप शर्मा एवं कल्पना देवी, महापौर राजीव अग्रवाल, कोटा सरस डेयरी अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी एवं लव शर्मा विशिष्ट अतिथि की रूप में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में कोटा नागरिक सहकारी बैंक एवं रेडक्रॉस के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण व जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला का सानिध्य भी प्राप्त होगा। संस्था के अधिशाषी निदेशक राजेश बिरला ने बताया कि समिति 79 वर्षो से कार्यरत है,जहां 05 मीनिट में गोल्ड लोन मिलता है,और मात्र 80 पैसे प्रति सैकेडे की दर से यह लोन दिया जाता है।

## अंतर्राष्ट्रीय स्नेक बाईट जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम

**कोटा,** (निसं)। अतंर्राष्ट्रीय स्नेक बाईट जागरूकता दिवस पर शुक्रवार को जिले में कई कार्यक्रम हुए। सर्पदंश से बचाव, रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर ने बताया कि चिकित्सा विभाग की ओर से सुबह एमबीएस परिसर स्थित एएनएम ट्रेनिंग सेंटर से सर्पदंश जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ. घनश्याम मीना ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

## शिवाजी पार्क में खोया मोबाइल लौटाया

**कोटा,** (निसं)। मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि शिवाजी पार्क में जिम करने आई कुछ छात्राएं अपना मोबाईल वहीं भूल गई।

मॉर्निंग क्लब के सदस्य पंकज अग्रवाल, शिवराज मेघवाल वहां पहुंचे तो उन्होंने उस मोबाईल को लेकर पार्क में सभी को दिखाने पर मोबाईल मलिक का पता नहीं चला तो उन्होंने मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष को यह मोबाईल दिया। मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने शिवाजी पार्क में मिले अज्ञात एंड्राइड मोबाईल को अपने पास रखा।

मोबाइल मालकिन पूनम की सहेली नेहा कश्यप ढूंढ़ती हुई पार्क में पहुंची तो मोबाईल देखकर बहुत खुश हुई। नेहा ने बताया कि मोबाईल खोने पर घर वालों के डर से हम घर भी नहीं गए। मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, महामंत्री महावीर वर्मा, शिवराज मेघवाल, पंकज अग्रवाल ने नेहा कश्यप को बुलाकर मोबाइल लौटाया। नेहा, पूनम ने मॉर्निंग क्लब के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

## रीको के मुख्य प्रबंधक सीके विजय का अभिनंदन

**कोटा,** (निसं)। प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था कोटा की ओर से शुक्रवार को रीको के मुख्य प्रबंधक सीके विजय के द्वारा ज्वाईन करने पर अभिनंदन किया गया।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हुकुमचंद मंगल, महामंत्री प्रकाशचंद तापड़िया, रमेशचंद खंडेलवाल, अधिशासी अभियंता, पुरुषोत्तम चित्तौड़ा, नरसिंह लाल चित्तौड़ा, विष्णु गुप्ता, राजेंद्र जैन, मुकेश गुप्ता, कन्हैयालाल अग्रवाल, गणेशलाल जैन, मनोज गुप्ता प्रिंसिपल, संजय अग्रवाल, रमेश विजय समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सेवा शिविर में 12 परिवाद प्राप्त हुए

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र की मंडा और रिछड़िया पंचायत में 19 सितम्बर शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में फार्मर किसान आईडी आपसी सहमति से बंटवारे नामांतरण, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव में बीपीएल का सर्वे, स्वामित्व योजना के अंतर्गत पट्टे वितरण योजना, स्वास्थ्य योजना, खाद्य सुरक्षा, पशुपालन व कृषि आदि के कार्य हुए।

शिविर में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर विधिवत शुरुआत की गई। उसके बाद सरपंच के द्वारा प्रधान कलावती ओम फौजी का स्वागत किया गया। शिविर में प्रधान पंचायत समिति खैराबाद कलावती ओम फौजी, उप जिला प्रमुख कृष्णगोपाल अहीर, पंचायत समिति सदस्य अजय मीणा, सरपंच कांतिबाई, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामरतन शर्मा, पूर्व सरपंच सरपंच शंभू सिंह शक्तावत, रामपाल महाराज, राजकुमार सुमन जोगिंदर सिंह, तहसीलदार नेहा वर्मा व अतिरिक्त विकास अधिकारी राधाकिशन वर्मा उपस्थित रहे।

शिविर मे 12 परिवाद प्राप्त हुए। जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं पट्टे जारी, आवास की स्वीकृति, खाद्य सुरक्षा के आवेदन एवं सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया।

### कार्यालय नगर पालिका नैनवाँ जिला बूंदी (राज0)

क्रमांकः- भूमिशाखा/आपत्ति/2025/4316 दिनांकः- 18.09.2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न प्रार्थीगण ने शहरी सेवा शिविर 2025 के अन्तर्गत स्वंय के भूखण्ड का 90क/69क/लीज होल्ड से फ्री होल्ड/खांचा भूमि/ उपविभाजन/निर्माण स्वीकृती एवं विस्तार के लिए आवेदन प्रस्तुत किये गयें है। किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मिल्कीयत दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, मियाद बाद कोई आपत्ति स्वीकार नही की जायेगा तथा नियमानुसार पत्रावलीयां निस्तारित कर दी जावेगी।

| क्र.सं | प्रार्थी का नाम | पता | पत्रावली शीर्षक | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री दिनेश कुमार साहू आ0 श्री चिरंजी लाल साहू | गांधी आवासीय नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 1960 वर्गफीट |
| 2. | अशोक कुमार गोस्वामी आत्मज निरजंन कुमार | गांधी आवासीय योजना नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 1600 वर्गफीट |
| 3. | आयुष गोस्वामी आत्मज अशोक कुमार गोस्वामी | गांधी आवास योजना नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 1960 वर्गफीट |
| 4. | महावीर प्रसाद जैन आत्मज सुन्दर लाल जैन | उनियारा रोड रजलावता, नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 600 वर्गफीट |
| 5. | विशाल खटीक आत्मज घासीलाल | वार्ड नं. 17 नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 539 वर्गफीट |
| 6. | श्री अब्दुल रउफ गौरी आ0 श्री अल्ताफ हुसैन गौरी | तिरूपति नगर नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 1500 वर्गफीट |
| 7. | श्री अब्दुल रउफ गौरी आ0 श्री अल्ताफ हुसैन गौरी | तिरूपति नगर नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 1250 वर्गफीट |
| 8. | श्री अब्दुल रउफ गौरी आ0 श्री अल्ताफ हुसैन गौरी | तिरूपति नगर नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 1250 वर्गफीट |
| 9. | श्री दीपक कुमार राठौर आ0 श्री इन्द्र कुमार राठौर | जजावर रोड के पश्चिमी और नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 300 वर्गफीट |
| 10. | श्री दीपक कुमार राठौर आ0 श्री इन्द्र कुमार राठौर | जजावर रोड के पश्चिमी और नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 1200 वर्गफीट |
| 11. | श्रीमती पार्वती जैन पत्नी श्री पारस कुमार जैन | देईपोल चुंगी नाका नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 240 वर्गफीट |
| 12. | श्रीमती संतरा पत्नी श्री बाबू | रविन्द्र कॉलोनी नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 1400 वर्गफीट |
| 13. | श्री रमेशचन्द सैनी मुकेश सैनी,आत्माराम सैनी माया पुत्री श्रीलाल | वार्ड न. 17 भवानी नगर नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 986 वर्गफीट |
| 14. | श्री राकेश मीणा आ0 श्री रामबिलास मीणा | विवेकानन्द कॉलोनी नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 2280 वर्गफीट |
| 15. | श्री मोजीराम आ0 श्री रंगलाल | देईपोल चुंगी नाका के पास नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 120 वर्गफीट |
| 16. | श्री प्रांशु बंसल आ0 श्री प्रदीप बंसल | गांधी आवासीय कॉलोनी नैनवा | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 1700 वर्गफीट |
| 17. | श्री शमीम पत्नी श्री शाकिर हुसैन | विवेकानन्द कॉलोनी नैनवॉ | नामान्तरण | भूखण्ड साईज 1600 वर्गफीट |
| 18. | श्री प्रितेश कासलीवाल आ0 श्री विनोद कुमार | मास्टर कॉलोनी नैनवॉ | खांचा भूमि | भूखण्ड साईज 720 वर्गफीट |
| 19. | श्रीमती लता ककवानी पत्नी श्री टेकचन्द ककवानी उर्फ टेकुमल | सुभाष कॉलोनी नैनवॉ | खांचा भूमि | भूखण्ड साईज 940 वर्गफीट |
| 20. | दिनेश कुमार पाण्डेय आत्मज गोरीशंकर पाण्डेय | वार्ड नं. 17 नैनवॉ | खांचा भूमि | भूखण्ड साईज 1205 वर्गफीट |
| 21. | महावीर प्रसाद जैन आत्मज सुन्दर लाल जैन | उनियारा रोड नैनवां | खांचा भूमि | भूखण्ड साईज 312.5 वर्गफीट |
| 22. | अनिरूद्ध जैन आत्मज महावीर प्रसाद जैन | उनियारा रोड रजलावता, नैनवॉ | खांचा भूमि | भूखण्ड साईज 2000 वर्गफीट |
| 23. | महावीर प्रसाद जैन आत्मज सुन्दर लाल जैन | उनियारा रोड रजलावता, नैनवॉ | खांचा भूमि | भूखण्ड साईज 400 वर्गफीट |
| 24. | राधा देवी जैन पत्नी श्री मोहन लाल जैन एवं गुणमाला जैन पत्नी कमल कुमार जैन एवं अनीश जैन आत्मज कमल कुमार जैन | नैनवॉ | खांचा भूमि | भूखण्ड साईज 2346 वर्गफीट |
| 25. | श्री सोरभ अग्रवाल आ0 श्री दिनेश कुमार जैन | वार्ड न. 24 राजीव कॉलोनी नैनवा | 69ए | भूखण्ड साईज 3500 वर्गफीट |
| 26. | दिनेश कुमार जैन आत्मज पदम कुमार जैन | बटवाडिया की टेक नैनवॉ | 69ए | भूखण्ड साईज 1125 वर्गफीट |
| 27. | श्री दिनेशा कुमार आ0 श्री मूलचन्द जैन | वार्ड न. 08 नैनवॉ | 69ए | भूखण्ड साईज 607.5 वर्गफीट |
| 28. | श्रीमती मंजू पत्नी श्री दिनेश | वार्ड न. 08 नैनवॉ | 69ए | भूखण्ड साईज 1125 वर्गफीट |
| 29. | श्री कन्हैया लाल शर्मा,श्री मधुसूदन शर्मा आ0 श्री राममपाल शर्मा व श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री रामचरण शर्मा | वार्ड न. 08 नैनवॉ | 69ए | भूखण्ड साईज 1125 वर्गफीट |
| 30. | पदम कुमार जैन आत्मज सोहनलाल जैन | सदर बाजार नैनवॉ | 69ए | भूखण्ड साईज 427.5 वर्गफीट |
| 31. | श्री महावीर प्रसाद जैन आत्मज श्री शोभागमल जैन | वार्ड नं. 10 नैनवॉ | 69ए | भूखण्ड साईज 728.5 वर्गफीट |
| 32. | श्रीमती मासुम पत्नी श्री अब्दूल सलाम | वार्ड नं. 08 नैनवॉ | 69ए | भूखण्ड साईज 397.5 वर्गफीट |
| 33. | श्री सुरेश कुमार नागर आत्मज श्री मोती शंकर नागर | रिद्धी सिद्धी नगर नैनवॉ | 69ए | भूखण्ड साईज 1000 वर्गफीट |
| 34. | श्री ग्यारसीलाल आत्मज श्री रामचन्द्र कलाल | देई पोल दरवाजा नैनवॉ | पुर्नगठन | भूखण्ड साईज 240 वर्गफीट |
| 35. | श्रीमती मधु पत्नी श्री आदित्य | कुवर नैनसिंह नैनवॉ | उप विभाजन | भूखण्ड साईज 1362.585 वर्गफीट |
| 36. | श्री कुलदीप सिंह हाडा आत्मज श्री नन्दकिशोर | कुवर नैनसिंह कालोनी नैनवॉ | उप विभाजन | भूखण्ड साईज 1320 वर्गफीट |
| 37. | श्रीमती रिंकु जैन पत्नी श्री शुभम जैन | कुवर नैनसिंह कोलोनी नैनवॉ | उप विभाजन | भूखण्ड साईज 1320 वर्गफीट |
| 38. | श्री कमलेश कुमार नागर आ0 श्री बद्री प्रसाद नागर | ज्योति नगर नैनवॉ | उप विभाजन | भूखण्ड साईज 750 वर्गफीट |
| 39. | श्री प्रितेश कासलीवाल आ0 श्री विनोद कुमार, श्री महेश कुमार टेलर आ0 श्री कैलाशचन्द टेलर,श्री विनोद कुमार नागर आ0 श्री प्रभू लाल | मास्टर कॉलोनी नैनवॉ | उप विभाजन | भूखण्ड साईज 1125 वर्गफीट |
| 40. | श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री फूलचन्द जैन | उनियारा रोड नैनवॉ | उप विभाजन | भूखण्ड साईज 1250 वर्गफीट |
| 41. | श्री दीपक कुमार आ0 श्री विनोद कुमार | रिद्धि-सिद्धि नगर नैनवॉ | उप विभाजन, लीज होल्ड से फ्री होल्ड | भूखण्ड साईज 1860 वर्गफीट,व्यावसायिक भू उपयोग |
| 42. | श्री मनोज कुमार जैन आ0 श्री बाबू लाल जैन | उनियारा रोड के सहारे नैनवॉ | 90ए | भूखण्ड साईज 1740 वर्गफीट |
| 43. | श्री विकास कुमार शर्मा आ0 श्री पारस कुमार जैन | उनियारा रोड के सहारे नैनवॉ | 90ए | भूखण्ड साईज 240.29 वर्गमीटर |
| 44. | श्री पारस कुमार जैन आ श्री भंवर लाल | उनियारा रोड के सहारे नैनवॉ | 90ए | भूखण्ड साईज 21.36 वर्गमीटर |
| 45. | श्री विकास कुमार शर्मा आ0 श्री पारस कुमार जैन | उनियारा रोड के सहारे नैनवॉ | 90ए | भूखण्ड साईज 111.48 वर्गमीटर |
| 46. | श्री पदम कुमार आ0 कस्तुर मल | उनियारा रोड के पास नैनवॉ | 90ए | भूखण्ड साईज 450 वर्गफीट |
| 47. | श्री पारस कुमार जैन आ0 लालचन्द जैन | उनियारा रोड के पास नैनवॉ | 90ए | भूखण्ड साईज 450 वर्गफीट |
| 48. | श्री महावीर आ0 श्री रामलाल | उनियारा रोड के दक्षिणी और नैनवॉ | 90 ए | भूखण्ड साईज 260 वर्गफीट |
| 49. | श्रीमती सावित्री बाई पत्नी श्र बाबू लाल | उनियारा रोड़ नैनवॉ | 90 ए | भूखण्ड साईज 332.5वर्गफीट |
| 50. | श्री संजय धाकड़ आ0 श्री रामसहाय नागर | उनियारा रोड़ नैनवॉ | 90 ए | भूखण्ड साईज 341.5 वर्गफीट |
| 51. | श्री बुद्धीप्रकाश नागर आ0 श्री मांगी लाल | उनियारा रोड़ नैनवॉ | 90 ए | भूखण्ड साईज 240 वर्गफीट |
| 52. | श्री बाबू खान, इकबाल खान आ0 श्री जमाल खान | तिरूपति नगर नैनवॉ | निर्माण स्वीकृति | भूखण्ड साईज 1125 वर्गफीट |
| 53. | जगदीश आत्मज कल्याण सिंह | कुवर नैनसिंह योजना नैनवॉ | निर्माण ईजाजत | भूखण्ड साईज 2400 वर्गफीट |
| 54. | श्री आशाराम नागर आ0 श्री गिरिराज नागर | वार्ड न. 17 नैनवॉ | निर्माण स्वीकृति | भूखण्ड साईज 1184.38 वर्गफीट |
| 64. | श्री महेश कुमार टेलर आ0 श्री कैलाशचन्द टेलर,श्री विनोद कुमार नागर आ0 श्री प्रभू लाल | मास्टर कॉलोनी नैनवॉ | निर्माण स्वीकृति | भूखण्ड साईज 1125 वर्गफीट |
| 65. | श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री फूलचन्द जैन | उनियारा रोड नैनवॉ | निर्माण स्वीकृति | भूखण्ड साईज 1250 वर्गफीट |
| 66. | श्री पारस कुमार ,महेन्द्र कुमार आ0 श्री नाथू लाल जैन | सदर बाजार नैनवॉ | निर्माण स्वीकृति | भूखण्ड साईज 465 वर्गफीट |
| 67. | श्री श्रवण कुमार आ0 श्री रामकुंवार | बटावपीर की गली नैनवॉ | निर्माण स्वीकृति | भूखण्ड साईज 2000 वर्गफीट |
| 68. | श्री जाकिर हुसैन आ0 श्री मुन्ना खां | राजीव कॉलोनी | निर्माण स्वीकृति | भूखण्ड साईज 1250 वर्गफीट |
| 69. | श्री उम्मेश वैष्णव आ0 श्री बनवारी लाल वैष्णव | ज्योति नगर नैनवॉ | निर्माण स्वीकृति | भूखण्ड साईज 1000 वर्गफीट |
| 70. | श्री प्रितेश कासलीवाल आ0 श्री विनोद कुमार | मास्टर कॉलोनी नैनवॉ | निर्माण स्वीकृति | भूखण्ड साईज 1125 वर्गफीट |
| 71. | श्री दिनेश कुमार जैन आ0 श्री बाबू लाल जैन | वार्ड न. 17 नैनवॉ | निर्माण स्वीकृति | भूखण्ड साईज 1000 वर्गफीट |
| 72. | श्री दिनेश कुमार शर्मा आ0 श्री रामस्वरूप शर्मा | वार्ड न. 03 नैनवॉ | निर्माण स्वीकृति | भूखण्ड साईज 104 वर्गगज |

राज.संवाद/सी/25/10438 अधिशाषी अधिकारी

**आम सूचना**

मेरे पक्षकार डीसीबी बैंक लिमिटेड, प्लाट नम्बर 21, झालावाड़ रोड़, गुमानपुरा, कोटा (राज.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चन्द्रप्रकाश जैन आत्मज स्व. प्रेमचन्द जैन, निवासी-जैन कुंज, मेगजीन रोड़, देश की धरती के पास, लाडपुरा, कोटा (राज.) के स्वामित्व का एक मकान वाके मेगजीन स्कूल रोड़, लाडपुरा, कोटा (राज.) पर स्थित है। उक्त मकान श्री चन्द्रप्रकाश जैन के पिताजी श्री प्रेमचन्द जैन ने दिनांक 05.07.1993 को खरीद किया था जिस पर श्री प्रेमचन्द जैन का ही स्वामित्व चला आ रहा था। श्री प्रेमचन्द जैन का स्वर्गवास दिनांक 16.03.2016 को एवं उनकी पत्नी श्रीमती मनोरमा जैन का भी स्वर्गवास दिनांक 31.12.2024 को हो चुका है जिनके एक पुत्र चन्द्रप्रकाश जैन एवं एक पुत्री हेमलता मित्तल है। हेमलता मित्तल द्वारा उक्त मकान में निहित अपने अविभाजित हिस्से का हक त्याग श्री चन्द्रप्रकाश जैन के पक्ष में पंजीकृत हक त्याग पत्र द्वारा त्याग दिया है इस प्रकार उक्त मकान के एकमात्र स्वामी श्री चन्द्रप्रकाश जैन हो गये हैं। श्री जाहिद हुसैन पुत्र मुन्ना भाई निवासी मकबरे के पास, लाडपुरा, कोटा (राज.) ने मकान वाके मेगजीन स्कूल रोड़, लाडपुरा, कोटा (राज.) को खरीदने का इकरार श्री चन्द्रप्रकाश जैन से किया है। उक्त मकान या दस्तावेज बाबत् किसी भी व्यक्ति, बैंक या संस्था या अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को अंदर मियाद 07 दिवस में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगी। भवदीय

दिनांक : 19.09.2025 राजेन्द्र सिंह एडवोकेट
386, माला रोड़, कोटा जं., मो. 9829231531

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11/विक्रय/2025/500 दिनांकः-16.9.25

**नाम हस्तान्तरण स्वीकृति चाहने बाबत आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखंड संख्या-329 राजी